बौद्धिक संपदा
भारत
एकस्व / अभिकल्प / व्यापार चिह्न
भौगोलिक उपदर्शन / कॉपीराइट
आरजीएनआईआईपीएम

INTELLECTUAL PROPERTY
**INDIA**
Patents / Designs / Trade Marks
Geographical Indications / Copyright
RGNIIPM

सत्यमेव जयते
भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
**कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प और व्यापार चिह्न**
**Office of The Controller General**
**Patents, Designs & Trade Marks**
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
Ministry of Commerce & Industry
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
Department for Promotion of Industry and Internal Trade

बौद्धिक संपदा भवन
BOUDDHIK SAMPADA BHAWAN
प्लॉट न. / Plot No. - 32
सेक्टर / Sector -14, द्वारका / Dwarka
नई दिल्ली / New Delhi, भारत / India
**दूरभाष / Tel** : +911125300205
**ई-मेल / E-Mail** : cgoffice.in@nic.in
**वेबसाइट / Website:** www.ipindia.gov.in

संख्या/No. : CG/F/CGPDTM/DL-08/4322

दिनांक/Date: 07.08.2026

# सार्वजनिक सूचना

**विषय: अनिवार्य ई-केवाईसी पूरा करने की समय-सीमा दिनांक 31.08.2026 तक बढ़ाना**

कार्यालय महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प और व्यापार चिह्न (सीजीपीडीटीएम) को अनिवार्य ई- केवाईसी प्रक्रिया के संबंध में हितधारकों (स्टेकहोल्डर्स) से सुझाव और सवाल मिल रहे हैं।

दिनांक 04.08.2026 को हुए ओपन हाउस सेशन के दौरान हितधारकों की उत्साहजनक भागीदारी और उनसे मिले बहुमूल्य फीडबैक को ध्यान में रखते हुए, और हितधारकों की व्यापक भागीदारी को आसान बनाने और अनिवार्य ई- केवाईसी प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा करने के उद्देश्य से, अनिवार्य ई- केवाईसी पूरा करने की अंतिम तारीख को 09.08.2026 से बढ़ाकर 31.08.2026 करने का निर्णय लिया गया है।

इसलिए, जिन सभी संबंधित लोगों ने अभी तक ज़रूरी ई- केवाईसी पूरा नहीं किया है, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे दिनांक 31.08.2026 तक या उससे पहले इसे पूरा कर लें, ताकि बौद्धिक संपदा कार्यालय की सेवाओं का लाभ उठाने में किसी भी तरह की परेशानी या बाधा का सामना ना करना पड़े।

ई- केवाईसी प्रक्रिया से जुड़ी किसी भी तकनीकी समस्या या सवाल के मामले में, हितधारकों मदद के लिए support.ipo@gov.in, patentagent-ipo@gov.in और trademarkagent-tmr@gov.in पर पत्र प्रेषित किया जा सकता है।

अनिवार्य ई- केवाईसी प्रक्रिया को बढ़ाई गई समय-सीमा के भीतर पूरा करने के लिए सभी संबंधित पक्षों से सहयोग का सादर अनुरोध है।

ई- केवाईसी प्रक्रिया के दौरान हितधारकों को आने वाली किसी भी तकनीकी समस्या को दूर करने के लिए जल्द ही एक अलग ओपन हाउस सत्र की घोषणा की जाएगी।

हस्ताक्षर
कार्यालय महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प और व्यापार चिह्न,
रजिस्ट्रार, कॉपीराइट और जीआई